संख्या–cm-278
23/04/2023

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुँवर सिंह के विजयोत्सव पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पटना, 23 अप्रैल 2023 :– 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुँवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर आज वीर कुँवर सिंह आजादी पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी आदमकद अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, पूर्व मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, पूर्व मंत्री श्री विक्रम कुंवर, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य श्री नंद किशोर कुशवाहा, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद, जदयू नेता श्री ओम प्रकाश सेतु सहित कई अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बाबू वीर कुँवर सिंह की अश्वारोही प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सहकारी भूमि विकास बैंक समिति परिसर में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुँवर सिंह की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ के अध्यक्ष सह विधान पार्षद श्री विजय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को पगड़ी, अंगवस्त्र, फूलों की माला पहनाकर तथा तलवार एवं प्रतीक चिन्ह् भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, सांसद श्री गिरिधारी यादव, विधायक श्री चेतन आनंद, राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ के अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह, भूमि विकास बैंक की अध्यक्ष श्रीमती ममता सिंह, बिहार राज्य सहकारी आवास संघ के निदेशक श्री रंजीत कुमार झा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों द्वारा वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव से संबंधित पूछे गए प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कहा कि वीर कुंवर सिंह जी का यह कार्यक्रम हर साल आयोजित किया जाता है। आज यहां भी लोगों ने हमें बुलाया था। इनलोगों ने बाबू वीर कुंवर सिंह जी की मूर्ति स्थापित की है, यह बड़ी खुशी की बात है। बाबू वीर कुंवर सिंह का देश के लिए बहुत बड़ा योगदान है, यह सभी लोगों को मालूम है।

राजनीति में मिट्टी में मिलाने के पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग ऐसा कह रहे हैं उनको कहिए कि मुझे मिट्टी में मिला दें। हम कभी इस तरह की बात नहीं बोलते

हैं। जो इस तरह के शब्दों का प्रयोग करता है तो समझ लीजिए उनके पास बुद्धि नहीं है। ऐसे आदमी को जो मन में आए वो बोले। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की हम कितनी प्रशंसा करते हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी से मुलाकात के पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समय आने पर सब बता देंगे। जब हम सबलोगों से मिल लेंगे तो आपलोगों को सबकुछ बता देंगे। अभी इस तरह के सवाल का कोई मतलब नहीं है। हम तो ज्यादा–से–ज्यादा विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे हैं। अपने लिए कुछ नहीं चाहते हैं। हमारी कोई व्यक्तिगत इच्छा नहीं है। हम तो पूरे देश के लिए सोच रहे हैं। कुछ लोग पूरे देश के इतिहास को बदलने के चक्कर में हैं। इतनी बड़ी आजादी की लड़ाई लड़ी गई, उसे नई पीढ़ी को जानना चाहिए लेकिन कुछ लोग सबकुछ बदल देना चाहते हैं। जब सबलोग मिलकर रहेंगे तो देश सुरक्षित रहेगा। इसके लिए हम काम कर रहे हैं। कुछ लोगों ने नई टेक्नोलॉजी पर कब्जा कर लिया है, पुरानी चीजों को खत्म किया जा रहा है। हम पूरे देश में विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे हुए हैं। बहुत लोगों से बातचीत हो चुकी है, अभी कुछ और लोगों से बात करेंगे।

******